हरिभूमि
जीटी रोड भूमि
रोहतक, गुरुवार 15 अक्टूबर 2026

तापमान

अधिकतम 35 .3 डिग्री से.
न्यूनतम 18 .5 डिग्री से.

10 पहले हुई बरसात से धान में नमी 35 प्वाइंट पार ...



10 नुक्कड़ नाटक से नशे के खिलाफ किया जागरुक



खबर संक्षेप

बाइक सवारों ने महिला की बाली झपटी

यमुनानगर। प्रतापनगर में बाइक सवार दो युवकों ने महिला के कान से सोने की बाली झपट ली और फरार हो गए। पुलिस ने महिला की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव रूकाली निवासी सुदेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 13 अक्टूबर को वह किसी काम से प्रतापनगर गई थी। जब वह सनराइज स्कूल के पास पहुंची तो बाइक सवार दो युवक आए और उसके कान से सोने की बाली झपटकर भाग गए। महिला के शोर मचाने पर आसपास के लोगों ने आरोपियों का पीछा किया, लेकिन वे पकड़ में नहीं आए।

कहासुनी के बाद व्यक्ति से मारपीट, पत्नी से छेड़छाड़

यमुनानगर। रादौर थाना क्षेत्र के गांव दौलतपुर में रंजिश के चलते पांच लोगों पर एक व्यक्ति से मारपीट करने और उसकी पत्नी से छेड़छाड़ करने का आरोप लगा है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि गांव के राहुल और अभिषेक के साथ उसकी कहासुनी हुई थी। इसके बाद दोनों उससे रंजिश रखने लगे। आरोप है कि राहुल और अभिषेक ने अपने परिवार के सदस्यों आरती, सुलोचना और राजकुमार के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट की। पत्नी उसे बचाने आई तो आरोपियों ने उसके साथ छेड़छाड़ की और जान से मारने की धमकी दी।

मुनाफे का लालच देकर 26.70 लाख रुपये ठगे

यमुनानगर। कंपनी में निवेश कर 6 से 7 प्रतिशत मुनाफा देने का लालच देकर त्यागी गार्डन निवासी अंकित से 26.70 लाख रुपये ठग लिए गए। अंकित के अनुसार, दिसंबर 2024 में उसकी मुलाकात नवाब अली और साजिद चौधरी से हुई थी। आरोपियों ने मूल राशि सुरक्षित रहने का भरोसा दिया। इसके बाद दिसंबर 2024 से फरवरी 2025 के बीच उससे निवेश करवाया, लेकिन मुनाफा नहीं दिया। शिकायत पर गांधीनगर थाना पुलिस ने कंपनी के डायरेक्टर नवाब अली, साजिद चौधरी, राशीद चौधरी, शुभम गुप्ता, सूरज कुमार और दीपक सिंह के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

डॉ. अर्चना बनी केयू की दो शोध पत्रिकाओं की संपादक

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने अर्थशास्त्र विभाग की प्रोफेसर डॉ. अर्चना को विश्वविद्यालय की दो शोध पत्रिकाओं का संपादक नियुक्त किया है। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि डॉ. अर्चना को केयू रिसर्च जर्नल ऑफ आर्ट्स एंड ह्यूमैनिटीज तथा जर्नल ऑफ हरियाणा स्टडीज का संपादक नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से आगामी आदेशों तक लागू रहेगी।



पानीपतः हत्यारोपी यूपी से पकड़ा

पानीपत। पानीपत की धमीजा कॉलोनी में गत माह हुई जावा कॉलोनी निवासी अशरफ की मौत के मामले में थाना तहसील कैंप पुलिस ने तीसरे और मुख्य आरोपी वसीम को भी गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी अशरफ की हत्या के बाद यूपी में निवास कर रही अपनी बहन के घर पर पनाह लिए हुए थे।

पानीपतः पुलिस चोर को जेल से लाई

पानीपत। हुडा सेक्टर 13/17 पुलिस बाइक चोरी के आरोपी गुलशन निवासी कालू पीर को प्रोडक्शन वारंट पर जेल से लाई। थानेदार के अनुसार, आरोपी ने टोल प्लाजा के पास बाइक चोरी करना स्वीकार किया है। गांधी कॉलोनी निवासी भूपेंद्र कपूर की शिकायत पर केस दर्ज है।

सुबह चार बजे से धान लेकर खड़े थे किसान, कर्मी की तबीयत बिगड़ने से बंद थे गेट पास

गेट पास नहीं कटने पर किसानों ने स्टेट हाइवे पर लगाया जाम

मार्केट कमेटी सचिव ने दूसरे कर्मचारी से शुरू करवाए गेट पास इसके बाद खुला जाम

- इंद्री अनाज मंडी के बाहर एक घंटे तक ठप रहा यातायात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

अनाज मंडी इंद्री में बुधवार सुबह मंडी के गेट नंबर 3 पर गेट पास नहीं कटने से खफा धान लेकर आए किसानों ने इंद्री -लाडवा स्टेट हाइवे पर अनाज मंडी के बाहर जाम लगा दिया । करीब एक घंटे तक जाम रहने से राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह अनाज मंडी के गेट नंबर 3 पर गेट पास नहीं कटने से मंडी के बाहर स्टेट हाईवे पर ट्रैक्टर ट्रालियों की लंबी-लंबी लाइन लग गई । बार-बार किसानों के प्रयास करने के बाद भी जब गेट पास कटने शुरू नहीं हुए तो किसानों ने गेट के सामने ट्रैक्टर ट्रालियां अड़ा कर सडक़ पर जाम लगा दिया । इस दौरान किसानों ने मार्किट कमेटी प्रशासन व सरकार के खिलाफ नारेबाजी की । मंडी में धान लेकर आए किसान अनिल कुमार, छैलाराम, ओमप्रकाश, राजेंद्र, जितेंद्र, बलवान सिंह, ऋषिपाल, राजपाल, रणबीर व मनदीप सहित काफी संख्या में किसानों ने बताया कि वह धान की ट्रालियां लेकर सुबह चार बजे से लाइनों मे खड़े हैं और गेट पास कटने का इंतजार कर रहे हैं । लेकिन सुबह सात बजे तक गेट पास कटने शुरू नहीं हुए । उन्होंने गेट पास कटवाने के लिए काफी प्रयास किया लेकिन गेट पास काटने वाला काउंटर नहीं खुला तो किसानों का गुस्सा फूट गया और मंडी के सामने जाम लगा दिया ।

सूचना मिलते ही इंद्री पुलिस मौके पर पहुंची और जाम खुलवाने का प्रयास किया लेकिन किसानों ने गेट पास काटने शुरू करवाने की मांग की । जिसके बाद मार्केट कमेटी सचिव मौके पर पहुंचे और किसानों से बातचीत कर गेट पास काटने शुरू करवाए उसके बाद किसानों ने जाम खोल दिया । इस मामले में मार्केट कमेटी सचिव अमित कुमार ने बताया कि गेट पास काटने वाले कर्मचारि की अचानक तबीयत बिगड़ गई थी जिस कारण गेट पास कटने बंद हुए थे । मौके पर पहुंचकर दूसरे कर्मचारियों को बुलाकर गेट पास काटने शुरू करवा दिए हैं ।





इंद्री। इंद्री अनाज मंडी के बाहर स्टेट हाइवे पर ट्रैक्टर-ट्रालियां अड़ाकर किसानों द्वारा लगाया गया जाम एवं किसानों से बातचीत करते मार्केट कमेटी सचिव अमित कुमार व पुलिस।

करनाल: किसानों ने अनाज मंडी में मार्केट कमेटी कार्यालय पर जड़ा ताला



करनाल। अनाज मंडी में मार्केट कमेटी कार्यालय का घेराव करते किसान।

- धान खरीद, नमी जांच और तुलाई में अनियमितताओं के आरोप लगाकर किया घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

संयुक्त किसान मोर्चा हरियाणा और किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर किसानों ने करनाल अनाज मंडी स्थित मार्केट कमेटी कार्यालय पर तीन घंटे तक ताला लगाकर घेराव किया। किसान नेताओं ने धान खरीद, नमी जांच, तुलाई और सरकारी खरीद एजेंसियों की कार्यप्रणाली में अनियमितताओं के आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। सरकारी खरीद एजेंसियों के समय पर मंडी नहीं पहुंचने से किसानों को निर्धारित 2,461 रुपये प्रति क्विंटल से कम दरों पर धान बेचना पड़ रहा है। वरिष्ठ किसान नेता रत्नमान ने पोर्टल व्यवस्था और प्रति एकड़ उपज निर्धारित करने की प्रक्रिया पर सवाल उठाए। उन्होंने धान में नमी की सीमा 17 से बढ़ाकर 20%करने, मंडियों में सरकारी कांटों को दुरुस्त रखने की मांग की। किसान संगठनों ने 17 अक्टूबर को भाजपा जिला कार्यालयों के बाहर सरकार का पुतले फूंकने का निर्णय लिया।

कुरुक्षेत्र के केडीबी रोड पर हादसा

बेकाबू कैंटर पार्किंग में घुसा 12 बाइक व 4 कारें क्षतिग्रस्त



कुरुक्षेत्र। शहर के केडीबी रोड़ पर बुधवार सुबह तेज रफ्तार कैंटर अनियंत्रित होकर जिम की पार्किंग में जा घुसा। कैंटर ने पार्किंग में खड़ी 10 से 12 मोटरसाइकिलों को रौंद दिया और 3 से 4 कारों को टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। हादसे में 3 से 4 लोग घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। गनीमत रही कि हादसे में किसी की जान नहीं गई। हादसा सुबह करीब 8 से 9 बजे के बीच हुआ। कैंटर फ्लाईओवर से नीचे उतर रहा था। इसी दौरान चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और कैंटर सीधे जिम की पार्किंग में जा घुसा। अचानक हुए हादसे से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। पार्किंग में खड़े दोपहिया और चारपहिया वाहन कैंटर की चपेट में आ गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कई वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल पहुंचाने में मदद की। पुलिस ने कैंटर को काबू कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, भाई बचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

उगाला गांव के पास एक कार ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार युवक हरजिंदर की मौत हो गई, जबकि उसका चचेरा भाई बाल-बाल बच गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी गाय से जा टकराई। पुलिस को दी गई शिकायत में उगाला गांव के धर्मबीर सिंह ने बताया कि वह शादी समारोह में वेटर का काम करता है। उसके ताऊ का लड़का हरजिंदर कुमार मोहड़ी गांव स्थित एक सोलर फैक्टरी में काम करता था। धर्मबीर ने बताया कि बीते रोज वह शाहबाद संगत पैलेस में काम पर गया हुआ था। काम समाप्त होने के बाद शाम 7:30 बजे वह शाहबाद मोड़ पर घर जाने के लिए सवारी का इंतजार कर रहा था। उसी दौरान उसका ताऊ का लड़का हरजिंदर कुमार भी बाइक पर वहां आ गया। धर्मबीर भी हरजिंदर की बाइक के पीछे बैठ गया और दोनों अपने गांव उगाला की तरफ रवाना हो गए। उगाला गांव के पास एक कार ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार युवक हरजिंदर की मौत हो गई, जबकि उसका चचेरा भाई बाल-बाल बच गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी गाय से जा टकराई। अब पुलिस हादसे को अंजाम देने वाले लापरवाह वाहन चालक की तलाश कर रही है।

क्रिप्टो और शेयर बाजार में निवेश के नाम पर 13 लाख ठगे

अंबाला। क्रिप्टो करेंसी और इंटरनेशनल शेयर बाजार में निवेश कर हर महीने 9 प्रतिशत मुनाफा देने का झांसा देकर एक युवक से 13 लाख रुपये ठगने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने रकम वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मुख्य आरोपी, उसकी पत्नी और एक अन्य साथी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।मोची मंडी निवासी दीपक कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह ऑटोमोबाइल पेंट रिपेयर और एसेसरीज का काम करता है। वर्ष 2023 में उसके चचेरे भाई मनोज शर्मा निवासी सावन विहार, जंडली ने उससे संपर्क किया। मनोज ने स्टॉक और क्रिप्टो ट्रेडिंग से मोटा मुनाफा कमाने का दावा किया। आरोप है कि मनोज ने अपनी पत्नी शिखा और साथी निखिल निवासी न्यू प्रीत नगर, अंबाला कैंट के साथ मिलकर उसे निवेश के लिए राजी किया।दीपक के अनुसार, 18 नवंबर 2024 को उसने अपनी और परिवार की जमा पूंजी के 13 लाख रुपये एनईएफटी के जरिए मनोज के खाते में ट्रांसफर कर दिए। रकम मिलने के बाद आरोपियों ने न तो मूल राशि लौटाई और न ही मुनाफा दिया। पैसे मांगने पर आरोपियों ने रकम खर्च करने की बात कही और धमकी दी। पीड़ित ने आरोप लगाया कि आरोपियों ने व्हाट्सएप चैट और मैसेज भी डिलीट कर दिए।जांच अधिकारी एएसआई नरेश कुमार ने बताया कि शिकायत, बैंक स्टेटमेंट और बयानों की जांच के बाद मनोज, शिखा और निखिल के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। मामले की जांच जारी है

- हर महीने 9 प्रतिशत मुनाफे का दिया था झांसा
- रकम वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप

खेतों से ट्यूबवेल मोटर चोरी के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार



करनाल। करनाल पुलिस ने खेतों से ट्यूबवेल मोटर चोरी के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक करन गोयल, आईपीएस के मार्गदर्शन में सीआईए-2 प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक देवेंद्र सिंह की टीम ने यह कार्रवाई की। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान आशु पुत्र नरेश, सोनू पुत्र कालू और विक्की शुभम, निवासी गांव रांधोली, जिला करनाल के रूप में हुई है। पुलिस ने उनके कब्जे से वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी बरामद की है। पुलिस के अनुसार, गांव महमदपुर निवासी सतीश ने थाना कुंजपुरा में शिकायत दी थी कि 5 सितंबर 2026 की रात कुंजपुरा से मुगल माजरा रोड स्थित उसके खेत से अज्ञात चोर ट्यूबल मोटर चोरी कर ले गए थे। शिकायत के आधार पर थाना कुंजपुरा में चोरी की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। जांच के दौरान सीआईए-2 की टीम ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जाएगा और रिमांड लेकर पूछताछ की जाएगी, ताकि चोरीशुदा ट्यूबवेल मोटर की बरामदगी तथा वारदात से जुड़े अन्य तथ्यों का पता लगाया जा सके।

कंपनी में निवेश के नाम पर युवक से हड़पे 26.70 लाख रुपये

यमुनानगर। कंपनी में निवेश करवा अधिक मुनाफा देने का लालच देकर त्यागी गार्डन निवासी अंकित से 26 लाख 70 हजार रुपये हड़प लिए गए। आरोप कंपनी के डायरेक्टर नवाब अली, साजिद चौधरी, राशीद चौधरी, शुभम गुप्ता, सूरज कुमार व दीपक सिंह पर लगा है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार शहर के कन्हैया साहब चौक त्यागी गार्डन निवासी अंकित ने गांधीनगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि दिसंबर 2024 में उसकी मुलाकात नवाब अली व साजिद चौधरी के साथ हुई। आरोपियों ने उसे कहा कि उन्होंने एक कंपनी बनाई हुई है। जिसमें पैसा निवेश करने पर 6 से 7 प्रतिशत तक का मुनाफा मिलता है। इसके साथ ही उनकी मूल धनराशि भी सुरक्षित रखी जाती है। वह आरोपियों की बातों में आ गया। इस दौरान आरोपियों ने उसे अपने दफ्तर में बुलाया। जहां उसकी मुलाकात राशीद चौधरी, शुभम गुप्ता, सूरज कुमार व दीपक सिंह के साथ हुई। यह सभी कंपनी के डायरेक्टर हैं। अंकित ने बताया कि आरोपियों ने दिसंबर 2024 से फरवरी 2025 के बीच उससे अलग-अलग करके कंपनी में 26 लाख 70 हजार रुपये निवेश करवा लिए। इसके बाद आरोपियों ने उसे प्रॉफिट का पैसा नहीं दिया। जब उसने आरोपियों से प्रॉफिट के पैसे मांगे तो आरोपियों ने उसे संतोषजनक जवाब नहीं दिया। उसने परेशान होकर आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद सभी आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

- हर महीने 6 से 7 प्रतिशत मुनाफे और मूल रकम सुरक्षित रहने का दिया था भरोसा

टेलीग्राम पर टास्क देकर 22.61 लाख रुपये ठगे

यमुनानगर। साइबर ठगों ने टेलीग्राम पर टास्क देकर अधिक मुनाफा कमाने का लालच देकर तिलक नगर निवासी राजकुमार से 22 लाख 61 हजार रुपए ठग लिए। जब राजकुमार को अपने साथ हुई ठगी का पता चला तो उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के पास अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। तिलक नगर निवासी राजकुमार ने साइबर क्राइम पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि 19 सितंबर को उसके मोबाइल पर एक मैसेज आया। उसने जब मैसेज पर क्लिक किया तो वह एक टेलीग्राम ग्रुप से जुड़ गया। जहां पर टास्क पूरा कर मुनाफा कमाने के संबंध में बातचीत चल रही थी। इसके बाद आरोपियों ने उसे मैसेज के माध्यम से बात करनी शुरू कर दी। आरोपियों ने उसे पहले आसान टास्क दिए। जब उसने आसान टास्क को पूरा कर लिया तो उसके अकाउंट में प्रॉफिट के पैसे भेजे गए। इसके बाद आरोपियों ने उसे मुश्किल टास्क देने शुरू कर दिए। आरोपियों ने टास्क देने के बदले उससे अलग-अलग करके 22 लाख 61000 अपने अकाउंट में ट्रांसफर करवा लिए। आरोपियों ने 19 सितंबर से 12 अक्टूबर के बीच उससे यह पैसे ट्रांसफर करवाए। इसके बाद आरोपियों ने उसे प्रॉफिट के पैसे नहीं दिए। उसने जब आरोपियों से प्रॉफिट के पैसे मांगे तो आरोपियों ने उसे ग्रुप से रिमूव कर दिया। इस दौरान उसे अपने साथ हुई ठगी का एहसास हुआ। उसने मामले की सूचना साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

- शुरुआत में टास्क पूरा करने पर दिया मुनाफा, बाद में बड़ी रकम ऐंठकर ग्रुप से हटाया

शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने किया भवन का शिलान्यास

बच्चों की पढ़ाई सामाजिक बैठकों और गरीब परिवारों के शादी-समारोह में आएगा काम

शाहाबाद में 36 बिरादरी के लिए बनेगा आधुनिक जाट भवन

भवन निर्माण के लिए 11 लाख रुपये की सहयोग राशि देने की घोषणा

- प्रदेश में धान खरीद और उठान का काम नियमित और सुचारू रूप से चल रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद

हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि जीटी रोड पर 36 बिरादरी के लिए सभी आधुनिक सुविधाओं से युक्त भव्य जाट भवन तैयार होगा। यह भवन केवल एक जाति विशेष का नहीं, बल्कि 36 बिरादरी के लिए होगा। सरकार की नीति सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की है। इसी भावना के साथ इस भवन का निर्माण किया जा रहा है ताकि समाज के हर वर्ग को इसका लाभ मिल सके। हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा बुधवार को शाहाबाद मारकंडा में प्रस्तावित जाट भवन का विधिवत शिलान्यास किया।



शाहबाद। पूजन करते शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा। फोटो: हरिभूमि

कैबिनेट मंत्री ने भवन निर्माण में 11 लाख रुपए की सहयोग राशि देने की घोषणा की। उन्होंने जाट भवन निर्माण समिति के पदाधिकारियों को बधाई दी और भवन के जल्द से जल्द बनकर तैयार होने की कामना की। उन्होंने कहा कि जीटी रोड पर शाहाबाद में बनने वाला यह जाट भवन सभी प्रकार की आधुनिक सुविधाओं से युक्त होगा। यह भवन सभी नागरिकों के सहयोग से तैयार होगा। समाज के भले और जरूरत को पूरा करने के लिए इस भवन का निर्माण किया जा रहा है। आज के समय में हमारे बच्चों को पढऩे के लिए, सामाजिक बैठकों के लिए और गरीब परिवारों को शादी-समारोह के लिए एक अच्छी जगह की जरूरत होती है। यह भवन उन सभी जरूरतों को पूरा करेगा। ढांडा ने कहा कि प्रदेश में धान की फसल की खरीद और उठान का काम नियमित रूप से और सुचारू रूप से चल रहा है। इस मौके पर चेयरमैन सुभाष कलसाना, चेयरमैन रविंद्र सांगवान, जिला प्रधान रमेश सैनी, प्रधान जितेंद्र खैरा, मलकीत ढांडा, विक्रम अटवान, यशपाल चहल, मानसिंह देशवाल, राजेश, सचिन, सुल्तान, राहुल रतनगढ़, जगदीप सांगवान सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

मानवी ने तीन ईंटों पर एक पैर से खड़े रहकर बनाया रिकॉर्ड

खेल मंत्री ने मानवी और पिता को किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल शहर के गांव बागपति की छह वर्षीय मानवी ने कम उम्र में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है। मानवी ने तीन ईंटों के ऊपर एक पैर पर 2 मिनट 3 सेकंड तक संतुलन बनाकर खड़े रहने का कारनामा किया। इस उपलब्धि को मानवी और उनके पिता मास्टर सतीश कुमार राणा ने 13 सितंबर 2026 को मुंबई में दर्ज कराया, जिससे करनाल और हरियाणा का नाम रोशन हुआ। इस उपलब्धि के लिए 13 अक्तूबर को चंडीगढ़ में हरियाणा के खेल मंत्री गौरव गौतम ने मानवी और उनके पिता मास्टर सतीश कुमार राणा को फूल-मालाएं पहनाकर तथा प्रमाणपत्र और पदक देकर सम्मानित किया। खेल मंत्री ने मानवी को आशीर्वाद देते हुए उसकी स्कूली शिक्षा निशुल्क करवाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतिभाशाली बेटियां हरियाणा का भविष्य हैं। मानवी की उपलब्धि पर परिवार और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर मास्टर सतीश कुमार राणा ने खेल मंत्री गौरव गौतम का आभार व्यक्त किया।

खबर संक्षेप

युवती को डिजिटल अरेस्ट कर ठगे 23.48 लाख रुपये

यमुनानगर। साइबर ठगों ने गांव खारवन निवासी अवनीत कौर को डिजिटल अरेस्ट कर झूठे केस में फसाने की धमकी देकर 23 लाख 48 हजार रुपए ठग लिए। अवनीत कौर को जब अपने साथ हुई ठगी का पता चला तो उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। जानकारी के अनुसार गांव खारवन निवासी अवनीत कौर ने साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 15 सितंबर को उसके पास एक व्यक्ति का फोन आया। फोन करने वाले व्यक्ति ने खुद को पुलिस अधिकारी बताया। इस दौरान आरोपी ने उसे डिजिटल अरेस्ट कर लिया। आरोपी ने उसे ऑनलाइन फ्रॉड व झूठे केस में फसाने की धमकी देकर उससे अलग-अलग करके 23 लाख 48 हजार रुपए अपने अकाउंट में ट्रांसफर करवा लिए। आरोपियों ने 15 सितंबर से 17 सितंबर तक उसे डिजिटल अरेस्ट करके रखा।

बूथ स्तर पर मजबूत कर रही है कांग्रेस : बुबका



रादौर। युवा कांग्रेसी नेता उमेश बुबका ने बुधवार को अपने जनसंपर्क अभियान के तहत कई गांवों का दौरा कर लोगों को कांग्रेस की नीतियों से अवगत करवाया। बुबका ने गांव टेही, टोपरा खुर्द, गुंदयाना, बीड बलसुआ, नाहरपुर आदि गांवों का दौरा किया। इस दौरान उमेश बुबका ने कहा कि कांग्रेस पार्टी अपने बूथ लेवल पर कार्यकर्ताओं को मजबूत करने जा रही है। आज भी बहुत से ऐसे कार्यकर्ता मौजूद हैं जिन्होंने कांग्रेस के अलावा किसी अन्य पार्टी को वोट नहीं दिया। कांग्रेस पार्टी केवल पार्टी नहीं एक सोच है। उन्होंने कहा कि आज भाजपा सरकार में किसान पोर्टल में उलझकर रह गया है। कांग्रेस पार्टी की सरकार बनने पर पोर्टल सिस्टम को बंद कर एमएसपी पर फसल की खरीद की जायेगी। मौके पर मोंटी, अंकुश बिंदर, जरनैल, भीम, इस्फाक, इल्ताफ, इस्माइल आदि मौजूद थे।

महिला सशक्त होगी तो परिवार होगा सबल: प्रीति

यमुनानगर । महिला सशक्तिकरण से ही परिवार, समाज और राष्ट्र को मजबूत बनाया जा सकता है। महिलाओं को आर्थिक एवं सामाजिक रूप से सशक्त बनाना



समय की आवश्यकता है। इसके लिए महिलाओं को शिक्षा, स्वरोजगार, कौशल विकास तथा सरकारी योजनाओं से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जाने चाहिएं। उक्त जानकारी उपायुक्त प्रीति ने अपने कार्यालय में बातचीत करते हुए दी। उपायुक्त प्रीति ने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्वयं सहायता समूह महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इन समूहों के माध्यम से महिलाएं छोटे छोटे व्यवसाय शुरू करके अपनी आमदनी बढ़ा सकती हैं और परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने में योगदान दे सकती हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि पात्र महिलाओं को सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित किया जाए।

प्रदर्शनकारियों ने मामले में दोषी पाए जाने वाले के खिलाफ की कार्रवाई की मांग

प्रो. अकोइजाम को लेकर भाजपा ने किया कांग्रेस मुख्यालय पर कड़ा रोष प्रदर्शन

जेएनयू में छात्राओं के साथ हुए यौन उत्पीड़न के विरोध में भाजपा ने किया रोष प्रदर्शन और जलाया आरोपी सांसद का पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



यमुनानगर। रोष प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस के जिला मुख्यालय तक जाते हुए भाजपा के कार्यकर्ता। *फोटो : हरिभूमि*

दिल्ली जेएनयू में कांग्रेस के सांसद द्वारा यौन शोषण करने के विरोध में भाजपा द्वारा बुधवार को शहर में रोष मार्च व प्रदर्शन किया। मौके पर प्रदर्शनकारियों ने आरोपी कांग्रेस सांसद का पुतला जलाकर रोष जताया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस से आरोपी सांसद को पार्टी से बर्खाश्त किए जाने और उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की। प्रदर्शन का नेतृत्व विधायक घनश्याम दास अरोड़ा व भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा समेत अन्य नेताओं ने किया।

बुधवार को जिले भर से हजारों भाजपा कार्यकर्ता शहर के माडल टाउन स्थित सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा के कार्यालय के नजदीक एकत्रित हो गए। इसके बाद कार्यकर्ता विधायक घनश्याम दास अरोड़ा, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा, वरिष्ठ भाजपा नेत्री रोजी मलिक आनंद व मेयर सुमन बहमनी समेत भाजपा जिला महिला मोर्चा की सभी पदाधिकारियों के नेतृत्व में रोष जुलूस निकालते हुए कांग्रेस के जिला मुख्यालय पर पहुंचे और जोरदार प्रदर्शन किया। मौके पर प्रदर्शनकारियों ने जेएनयू के पूर्व प्रोफेसर एवं कांग्रेस सांसद प्रो. अंगोमचा बिमोल अकोइजाम पर छात्राओं द्वारा लगाए गए यौन उत्पीड़न के गंभीर आरोपों को लेकर उसता पुतला जलाया। इस अवसर पर मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान हमारे लिए सर्वोपरि है। छात्राओं द्वारा लगाए गए गंभीर आरोपों की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और पीड़ित छात्राओं को न्याय मिलना चाहिए। हम मांग करते हैं कि यदि आरोप सिद्ध होते हैं तो दोषी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने कहा कि महिला सम्मान और न्याय के मुद्दे पर भाजपा पूरी मजबूती से छात्राओं के साथ खड़ी है। महिलाओं और छात्राओं की सुरक्षा, सम्मान एवं गरिमा समाज की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। छात्राओं को न्याय मिले और मामले की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित हो। हमारी मांग है कि जांच में दोषी पाए जाने वाले व्यक्ति के विरुद्ध कानून के अनुसार कठोर कार्रवाई की जाए।

कांग्रेस कर रही मुद्दे को दबाने की कोशिश

मौके पर विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि जेएनयू के पूर्व प्रोफेसर एवं कांग्रेस के सांसद प्रो. अंगोमचा बिमोल अकोइजाम पर छात्राओं ने यौन उत्पीड़न के गंभीर आरोप लगाए हैं। छात्राओं के साथ हुए यौन उत्पीड़न से सभी को झकझौर कर रख दिया है। मगर इसे लेकर ना तो कांग्रेस और उनके सहयोगी दल गंभीर हैं और ना ही प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी अपनी पार्टी के सांसद पर कार्रवाई करने को तैयार हैं। वह इस मामले को दबाने के लिए देश की जनता को भ्रम में डालने के लिए कभी एसआईआर तो कभी कुछ झूठे मुद्दे उठाकर प्रदर्शन करने में लगे हैं। उन्हें देश की चिंता नहीं है। प्रदर्शन के दौरान भाजपा नेताओं और महिला कार्यकर्ताओं ने छात्राओं की सुरक्षा, सम्मान और गरिमा सुनिश्चित करने की मांग की। भाजपा ने मामले की निष्पक्ष जांच और आरोप सिद्ध होने पर कठोर कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि महिलाओं के सम्मान से कोई समझौता नहीं किया जा सकता।

युवा वर्ग नशामुक्त समाज का लें संकल्प: राजेश सपरा



यमुनानगर। मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए आयोजक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

सेवा संकल्प अभियान के तहत जिला एंटी करप्शन एंड क्राइम प्रिवेंशन के तत्वावधान में यमुनानगर बस स्टैंड पर नशा मुक्त भारत अभियान के तहत नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में भाजपा के जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने भाग लिया। उन्होंने युवाओं को नशे के खिलाफ एकजुट होकर नशामुक्त समाज का संकल्प लेने के लिए आहवान किया। मौके पर डीएसपी रजत गुलिया भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन एंटी करप्शन एंड क्राइम प्रिवेंशन के नेशनल प्रेसिडेंट अमित मांकट और जूनियर जसपाल भट्टी ने किया।

मुख्यातिथि एवं भाजपा के जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने कहा कि युवाओं को नशे से बचाने और समाज को नशामुक्त बनाने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। परिवार, सामाजिक संगठनों और प्रशासन को मिलकर इस दिशा में काम करना चाहिए। ताकि युवा अपनी ऊर्जा सकारात्मक गतिविधियों में लगा सकें। उन्होंने युवाओं को आहवान किया कि वह नशा के खिलाफ एकजुट होकर समाजा को नशा जैसी बुराई से दूर करने का संकल्प लें। ताकि समाज में कोई भी व्यक्ति नशा का सेवन ना कर सके। उन्होंने युवाओं को एकजुट होकर समाज और देश हित में काम करने के लिए आहवान किया। मौके पर एंटी करप्शन टीम ने नशे के कारण होने वाले सामाजिक और पारिवारिक नुकसान को दर्शाती जागरूकता संबंधी शॉर्ट फिल्में प्रदर्शित कीं। फिल्मों के माध्यम से लोगों को नशे से दूर रहने और दूसरों को भी जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया। वहीं, लवली की टीम ने मधुर संगीत प्रस्तुतियों के माध्यम से कार्यक्रम को प्रभावशाली बनाया। आयोजन में नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए जनभागीदारी बढ़ाने और युवाओं को जागरूक करने का आह्वान किया गया।

डी प्लान विकास कार्यों में कोताही नहीं बर्दाश्त: आहूजा

■ एडीसी नवीन आहूजा ने की बैठक की अध्यक्षता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



यमुनानगर। बैठक में दिशा निर्देश देते हुए एडीसी नवीन कुमार आहूजा।

जिला में डी प्लान योजना के तहत किए जा रहे विकास कार्यों को लेकर लघु सचिवालय में बैठक का आयोजन किया। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने की।

अतिरिक्त उपायुक्त ने बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि डी प्लान योजना के तहत चल रहे विकास कार्यों को समय सीमा के अन्दर करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि डी प्लान योजना के तहत चल रहे विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए। जिला विकास एवं निगरानी समिति द्वारा अनुमोदित सभी कार्यों की गुणवत्ता पर किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं होगा।

जिले में 220 विकास कार्यों को किया अनुमोदित

अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने बैठक में 2026-27 के लिए प्रस्तावित विकास कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा इस वर्ष स्कीम के तहत जिला यमुनानगर के लिए 19.15 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई है। जिसके अंतर्गत जिले में 220 विकास कार्यों को समिति द्वारा अनुमोदित किया गया है। जिसके अंतर्गत जिले में नगर निगम, पंचायती राज विभाग व जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग आदि विभागों द्वारा क्रियान्वयन किए जाने है। इस साल आंगनबाड़ी, खेल व विद्यालयों के विकास के लिए दस दस प्रतिशत राशि आबंटित की गई है। बैठक में मौजूद अधिकारियों ने अपने अपने विभाग की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। इसके अलावा उन्होंने सभी अधिकारियों को बिल भुगतान हेतु समय पर योजना कार्यालय में जमा करने के आदेश भी दिए।

कारण बताओ नोटिस जारी करने के दिए आदेश

अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने समीक्षा बैठक में विकास कार्यों में लापरवाही एवं कोताही करने वाले अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि विकास कार्य समय पर पूरे होंगे तभी जनता को उनका लाभ मिल सकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि डी प्लान के तहत चल रहे विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए । उन्होंने कहा कि जिला विकास एवं निगरानी समिति द्वारा अनुमोदित सभी कार्यों की गुणवत्ता पर किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं होगा। समीक्षा बैठक में योजना अधिकारी संजय चौधरी , जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी डॉ. मनोज कुमार, पंचायती राज के एसडीओ कमलेश कुमार, रणधीर सिंह व साढ़ौरा नगरपालिका सचिव नितिन वत्स आदि मौजूद रहे।

इंदौर की तर्ज पर ट्विन सिटी में होगी सफाई व्यवस्था, कवायद तेज : मेयर

■ बहमनी ने इंदौर से लौटने के बाद अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



यमुनानगर। बैठक में दिशा निर्देश देते हुए मेयर सुमन बहमनी। *फोटो : हरिभूमि*

इंदौर के स्वच्छता मॉडल का अध्ययन करने के बाद अब ट्विन सिटी (यमुनानगर जगाधरी) में सफाई व्यवस्था को प्रभावी बनाने की कवायद तेज हो गई है। नगर निगम की मेयर सुमन बहमनी ने निगम कार्यालय में अधिकारियों की बैठक में इंदौर की तर्ज पर शहर की सफाई व्यवस्था करने के दिशा निर्देश दिए। मौके पर निगमायुक्त महाबीर प्रसाद भी मौजूद रहे।

मेयर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि घरों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से नियमित रूप से कचरा एकत्र किया जाए। साथ ही कचरे को स्रोत पर ही अलग अलग करने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। ताकि गीले और सूखे कचरे सहित अन्य श्रेणियों के कचरे का नियमानुसार निस्तारण किया जा सके। पृथक किए गए कचरे को संबंधित प्रसंस्करण संयंत्रों तक पहुंचाकर उसका उचित तरीके से प्रसंस्करण के निर्देश भी दिए गए। मेयर ने अधिकारियों को सफाई व्यवस्था की नियमित निगरानी करने करने के निर्देश भी दिए। मौके पर निगमायुक्त महाबीर प्रसाद ने कहा कि निगम का उद्देश्य कचरा प्रबंधन की पूरी प्रक्रिया को व्यवस्थित बनाकर शहर में स्वच्छता का स्तर सुधारना है। उन्होंने डोर टू डोर कचरा कलेक्शन एजेंसी के प्रतिनिधियों को हर टिप्पर पर रजिस्टर लगाने के आदेश दिए। रजिस्टर में घर नंबर और मालिक का नाम, कचरे के प्रकार लिखे। जिस भी घर से जिस प्रकार का कचरा एकत्रित किया जाता है।



गुमथला टीम जीती तीन दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता, हर्षित बने मैन ऑफ द मैच

रादौर। यूथ क्लब गुमथला द्वारा चल रही तीन दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हो गया। प्रतियोगिता के समापन पर गुमथला क्रिकेट टीम व चौगावा टीम के बीच आयोजित किया गया। इस दौरान मुख्यातिथि के रुप में समाजसेवी डॉ. शुभम सलुजा ने भाग लिया। उन्होंने रिबन काटकर क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मैच का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता के फाइनल मैच में गुमथला क्रिकेट टीम व चौगावा क्रिकेट टीम के बीच खेला गया। जिसमें गुमथला क्रिकेट टीम ने निर्धारित तीन ओवरों में 23 रन का लक्ष्य दिया। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए मैदान में उतरी चौगावा टीम निर्धारित ओवरों में केवल आठ रन ही बना सकी। प्रतियोगिता में गुमथला क्रिकेट टीम के खिलाफ हर्षित राणा को मैन ऑफ दी मैच चुना गया। इस मौके पर मुख्यातिथि डॉ. शुभम सलुजा ने युवाओं को नशे से दूर रहकर खेल और शिक्षा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

दूरदर्शी एवं चिंतनशील व्यक्तित्व के धनी थे सेठ मुकंद लाल : डॉ.शर्मा

रादौर। मुकंदलाल नेशनल कॉलेज रादौर में बुधवार को शिक्षाविद् एवं समाजसेवी सेठ मुकंद लाल की पुण्यतिथि मनाई गई। कॉलेज परिसर में स्थापित उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। कॉलेज की प्राचार्या डॉ.माला शर्मा ने सेठ मुकंद लाल के विचारों एवं उनके जीवन मूल्यों को सांझा करते हुए कहा कि सेठ मुकंद लाल एक दूरदर्शी एवं चिंतनशील व्यक्तित्व के धनी थे। वे सदैव आने वाली पीढ़ियों के उज्ज्वल भविष्य के बारे में सोचते थे। वे गांधीवादी विचारधारा से प्रेरित थे। सत्य, अहिंसा व समाज सेवा को अपने जीवन का मूल आधार मानते थे। डॉ.माला शर्मा ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में सेठ मुकंद लाल का योगदान अविस्मरणीय है। उन्होंने जिन मुकंद संस्थाओं की नींव रखी वे आज लाखों युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं सकारात्मक वातावरण प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि हमें सेठ मुकंद लाल के आदर्शों एवं विचारों को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए तथा उनके द्वारा स्थापित संस्थाओं को निरंतर उन्नति एवं प्रगति की ओर अग्रसर करने के लिए समर्पित भाव से कार्य करना चाहिए।





विद्यार्थियों को परीक्षाएं बनाती हैं अनुशासनात्मक जिम्मेदार और जागरूक नागरिक: वाधवा

यमुनानगर। न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल सुढ़ैल में बुधवार को पुलिस प्रशासन द्वारा ब्लाक स्तरीय सड़क सुरक्षा परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा में ब्लॉक जगाधरी के विभिन्न सरकारी एवं निजी विद्यालयों के 112 विद्यार्थियों ने भाग लिया। परीक्षा का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या तोशल वाधवा ने किया। मौके पर यातायात पुलिस के सब इंस्पेक्टर नरेश कुमार मौजूद रहे। परीक्षा में यातायात नियमों, सड़क संकेतों, पैदल यात्रियों की सुरक्षा, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के महत्व तथा सड़क पर जिम्मेदार व्यवहार जैसे विषयों पर जागरूकता को विशेष महत्व दिया गया। प्रधानाचार्या तोशल वाधवा ने कहा कि परीक्षा आयोजन करने का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को यातायात नियमों, सड़क सुरक्षा और सुरक्षित आवागमन के प्रति जागरूक करना तथा उनमें जिम्मेदार नागरिक बनने की भावना विकसित करना रहा। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की परीक्षाएं विद्यार्थियों में जागरूकता, अनुशासन और जिम्मेदार नागरिकता की भावना विकसित करती हैं। विद्यालय के चेयरमैन जीएस शर्मा ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है। बल्कि समाज के प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है।

ऑनलाइन सत्र में विद्यार्थियों को दी वैश्विक कंपनियों की कार्यप्रणाली की जानकारी

रादौर। जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर के प्रबंधन विभाग की ओर से बुधवार को गूगल की कार्य संस्कृति विषय पर एक ऑनलाइन विशेषज्ञ सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र का उद्देश्य विद्यार्थियों को वैश्विक कंपनियों की कार्यप्रणाली, आधुनिक कार्य संस्कृति और करियर के अवसरों से परिचित करवाना था। सत्र के सॉफ्टवेयर इंजीनियर, गूगल बेंगलुरु एवं आईआईटी कानपुर के पूर्व छात्र व मुख्य वक्ता दीपक कुमार ने विद्यार्थियों के साथ अपने व्यावसायिक अनुभव सांझा किए। उन्होंने गूगल की कार्य संस्कृति, नवाचार, टीमवर्क, क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर, वितरित प्रणालियों तथा तकनीकी क्षेत्र में करियर विकास के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। निदेशक डॉ.एसके गर्ग ने कहा कि ऐसे विशेषज्ञ सत्र विद्यार्थियों को उद्योग जगत की वास्तविक कार्यप्रणाली से अवगत करवाने तथा उनके व्यावसायिक दृष्टिकोण को व्यापक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रबंधन विभाग की अध्यक्षा डॉ.अनुजा गोयल ने कहा कि प्रतिष्ठित कंपनियों के विशेषज्ञों के साथ संवाद विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करने के लिए बेहतर तैयारी करने का अवसर प्रदान करता है।



नवरात्र में आस्था का केंद्र बना प्राचीन श्रीदेवी मंदिर, दर्शन से दूर होते हैं दुःख

■ श्रीदेवी मंदिर में 73 वर्षों से लगातार जल रही है मां की अखंड दिव्य जोत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



यमुनानगर। दर्शन के लिए लाइनों में लगे श्रद्धालु *फोटो : हरिभूमि*

शारदीय नवारत्र में रेलवे स्टेशन के नजदीक स्थित प्राचीन श्री देवी मंदिर में लगातार 73 वर्षों से जल रही मां की अखंड दिव्य जोत श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बनी हुई है। मान्यता है कि मां की दिव्य जोत के दर्शन करने मात्र से ही सभी तरह की विपदाएं दूर हो जाती हैं। इससे भी खास बात यह है कि नवरात्रों में मां किसी न किसी श्रद्धालु को कन्या के रुप में दर्शन अवश्य देती हैं। बुधवार को हजारों श्रद्धालुओं ने मंदिर में पहुंचकर मां के चौथे स्वरुप मां कुष्मांडा की पूजा अर्चना की। बताया जाता है कि करीब 73 वर्ष पहले मंदिर के उस समय के पुजारी पंडित जीवानंद ने विश्वशांति की कामना को लेकर मंदिर में मां की अखंड ज्योति प्रज्जवलित की थी। जो आज तक जल रही है। बुजुर्गों का कहना है कि ज्योति प्रज्जवलित के समय पंडित जीवानंद को मां ने कन्या रुप में साक्षात दर्शन दिए थे। मंदिर के वर्तमान पुजारी इंद्रदीप भारद्वाज ने बताया कि जो श्रद्धालु मंदिर में सच्चे मन से पहुंचकर मन्नत मांगता है तो मां उसकी हर मुराद पूरी करती है। खास बात यह है कि नवरात्रों के दौरान मां अपने किसी ना किसी भक्त को कन्या के रुप में दर्शन भी देती हैं।

श्री रामलीला में निकाली भगवान हनुमान की आकर्षक झांकी

श्रद्धालुओं ने हनुमान के चरणों में पूजा कर मांगी मन्नत

भरत मिलाप के मंचन में दिखाया-भरत के अयोध्या पहुंचने पर चारों ओर छा जाता है मातम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



यमुनानगर। मंचन के दौरान निकाली गई हनुमान जी की सुंदर झांकी।

ग्रामीण रामा ड्रामाटेकि क्लब द्वारा गांव नाचरौन में आयोजित की जा रही चौदह दिवसीय रालीलाला के पांचवे दिन बीती रात श्रीहनुमान की सुंदर झांकी व भरत मिलाप का दृश्य मंचन किया गया। भगवान श्री गणेश की आरती के साथ श्रीरामलीला मंचन का शुभारंभ किया गया।

रामलीला के दृश्य मंचन में सबसे पहले श्री हनुमान की सुंदर झांकी निकाली गई। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने वीर बजरंगबली के चरणों में अपने परिवार की सुख शांति व सफलता समेत अन्य कामनाओं के साथ मन्नतें मांगी। तभी श्री रामचंद्र लक्ष्मण को समझाते हैं कि भरत जब रामचंद्र के पास आकर वापस अयोध्या चलने को कहते हैं तो वह माता पिता की आज्ञा मानकर चलने से मना कर देते हैं तो भारत कहते हैं कि भैया आप अपनी खड़ाऊ मुझे दीजिए, मैं इनको राजगद्दी पर रखकर राजकाज संभाल लूंगा। भरत प्रभु श्री राम की खड़ाऊ लेकर अयोध्या की ओर चले जाते हैं। रामलीला के भव्य मंचन के माध्यम से युवा वर्ग को आध्यात्मिक व सांस्कृतिक चीजों से जोड़ने का प्रयास किया जाता है। मौके पर क्लब के प्रधान डॉ.लाभ सिंह, राहुल पुंडीर, राज शर्मा, सेठपाल शर्मा, धर्मबीर राणा, चंद्रपाल कोच, यशपाल राणा, प्रदीप राणा, रूपेंद्र, राजपाल व सोमपाल कश्यप आदि मौजूद थे।

द्वितीय दृश्य में हुआ भरत मिलाप का मंचन

इसके बाद द्वितीय दृश्य में भरत मिलाप दृश्य का मंचन किया गया। रामलीला में दिखाया गया कि जब भरत अयोध्या में पहुंचते हैं तो चारों ओर मातम का नजारा होता है। भरत को कैकई के कक्ष में राम को 14 वर्ष के वनवास का पता चलता है। इसी वियोग में महाराज दशरथ स्वर्ग सिधार गए। तभी भरत अपनी माता कैकई को काफी भला-बुरा कहते हैं और कौशल्या के पास जाकर उनसे माफी मांगते हैं। वे कहते हैं कि वह राम को वन से वापिस लेकर आएगा। उनके साथ कौशल्या सुमित्रा व केकई भी जाने की जिद करती हैं, तभी वह सारे एकत्रित होकर श्री राम प्रभु को लेने के लिए अयोध्या जाते हैं। उधर वनों में जाते हुए राम और लक्ष्मण की भेंट निषाद राज से होती है। वह उनको नदी पार करवाता है। चित्रकूट में पहुंचकर लक्ष्मण जी भारत को आता हुआ देखकर श्री रामचंद्र जी को होशियार होने के लिए कहते हैं।

बाल कलाकारों ने श्रीराम जन्म से सीता स्वयंवर तक के प्रसंगों का किया भावपूर्ण मंचन

■ गीता ज्ञान संस्थानम् में तीन दिवसीय रामलीला का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

भारतीय संस्कृति, धर्म और मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से गीता ज्ञान संस्थानम्, केडीबी रोड, कुरुक्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय रामलीला महोत्सव एसोसिएशन के तत्वावधान में तीन दिवसीय रामलीला महोत्सव का भव्य शुभारंभ हुआ। परम पूज्य गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज के पावन सान्निध्य एवं आशीर्वाद में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक चंद्र मोहन, हरियाणा कला परिषद के



कुरुक्षेत्र। मुख्यातिथि को स्मृति चिह्न भेंट करते आयोजक।

अध्यक्ष महेश जोशी, मुख्यमंत्री मीडिया कोऑर्डिनेटर तुषार सैनी, 48 कोस कुरुक्षेत्र के अध्यक्ष रविंद्र सांगवान, हरियाणा सरस्वती बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. धूमन सिंह किरमच, डॉ. अंशुल मंगला, मंगला हॉस्पिटल तथा डॉ. सुदर्शन चुघ सरस्वती मिशन हॉस्पिटल तथा समाजसेवी जगबीर सिंह जोगना खेड़ा सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने दीप प्रज्वलन में सहभागिता की। अंतर्राष्ट्रीय रामलीला महोत्सव एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. वेद प्रकाश टंडन के नेतृत्व में आयोजित रामलीला के प्रथम दिन भगवान श्रीराम के जन्म, महर्षि विश्वामित्र के अयोध्या आगमन, श्रीराम एवं लक्ष्मण के वन प्रस्थान, ताड़का वध, राम-जानकी भेंट, धनुष भंग, सीता स्वयंवर तथा श्रीराम-सीता विवाह के प्रसंगों का प्रभावशाली मंचन किया गया।

रामायण के प्रसंगों को किया जीवंत

बाल कलाकारों ने अपने सशक्त संवादों, भावपूर्ण अभिनय और आकर्षक मंच प्रस्तुति से रामायण के प्रसंगों को जीवंत कर दिया। उनकी प्रस्तुति में भक्ति, समर्पण और भारतीय संस्कारों की सुंदर झलक दिखाई दी। दर्शकों ने तालियों के साथ कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। आरती में गुरु चरण दास जी महाराज, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक संजय, जिला कार्यवाह संजय कोशिक, जिला प्रचारक विकास तथा सह जिला कार्यवाह देवेंद्र भाटिया ने भाग लिया।

रामलीला के मंचन से अपनी संस्कृति को जीवंत करने की प्रेरणा मिलती : विशाल सिंगला



कुरुक्षेत्र। स्थाण्वीश्वर महादेव मंदिर मार्ग स्थित नेताजी सुभाष पार्क में मंगलवार रात्रि झांसा रोड चौंक वाली जयश्री शारदा रामलीला एवं दशहरा सोसायटी की रामलीला में खर-दूषण वध, शूर्पनखा की रावण दरबार में गुहार और रावण मारीच संवाद भव्य दृश्यावली के साथ दिखाए गए। इस अवसर पर श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत कुरुक्षेत्र के प्रधान विशाल सिंगला मुख्यातिथि रहे जबकि श्रीअग्रसेन यूथ एसोसिएशन के प्रधान नवीन बंसल,व्यवसायी मनीष सिंगला, पीयूष बंसल, हिमांशु बंसल और संदीप पोपली आदि विशिष्ट अतिथि रहे। संरक्षक संजीव शर्मा पाण्डे और प्रधान कुलदीप सैनी ने रामलीला कमेटी पदाधिकारियों सहित सभी अतिथियों का स्वागत करके स्मृति चिन्ह प्रदान किया। विशाल सिंगला ने कहा की रामलीला के मंचन से अपनी संस्कृति को जीवंत करने की प्रेरणा मिलती से कलाकारों में सुमित गर्ग ने राम, शिव भटनागर ने लक्ष्मण, भूषण सैनी ने लक्ष्मण, महिपाल धीमान ने खर, राकेश ठाकुर ने दूषण, राजकुमार शर्मा ने मारीच, राहुल सैनी, मुकेश गोयल, सुक्खा, सुरेन्द्र सैनी और सचिन शर्मा ने राक्षसी सेना, रमेश शर्मा ने शूर्पनखा और धर्मेश भारद्वाज ने रावण का रोल किया।

रामलीला में लगे जय श्रीराम के जयकारे

लाडवा। श्रीराम हनुमान रामलीला समिति की रामलीला में नौवें दिन पंचवटी प्रसंग ने ऐसा समां बांधा कि दर्शक कुर्सियां छोड़ जयकारे लगाने लगे। पंचवटी में जैसे ही शूर्पणखा ने कामुक अदाओं के साथ प्रवेश



किया, पूरे मैदान में सन्नाटा और फिर तालियों का शोर गूंज उठा। उसके मोहक नृत्य, कातिलाना हाव-भाव और दमदार अभिनय ने बुजुर्गों से लेकर युवाओं तक सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। जंगल में शिकार की तलाश में भटकती राक्षसी शूर्पणखा की नजर श्रीराम पर पड़ती है। पहले श्रीराम को रिझाने की कोशिश, फिर लक्ष्मण के पास दौड़वा। श्रीराम और लक्ष्मण के बीच उसे फुटबॉल की तरह उछालने वाले चुटीले संवादों ने दर्शकों को हंसी से लोटपोट कर दिया। माता सीता के प्रति अशोभनीय टिप्पणी पर जब लक्ष्मण ने तलवार खींची और शूर्पणखा की नाक काट दी, तो पूरा पंडाल जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा। वरिष्ठ भाजपा नेता नरेंद्र सिंघल ने भगवान श्रीराम की आरती उतार कर किया और कहा कि रामलीला केवल लीला नहीं, मयार्दा की पाठशाला है।

खबर संक्षेप



दशरथ मरण व भरत मिलाप का मंचन

लाडवा। जय भारत कला मंच के बैनर तले आयोजित रामलीला में गत रात्रि दशरथ मरण व भरत मिलाप के दिल को छू लेने वाले मंचन ने दर्शकों को पूरी तरह से भावुक कर दिया। कलाकारों के मर्मस्पर्शी अभिनय ने ऐसा समां बांधा कि मध्य रात्रि 12 बजे तक दर्शक अपनी सीटों पर मंत्रमुग्ध बैठे रहे और पूरा पंडाल तालियों की गडगड़ाहट से गूंज उठा। मंचन के दौरान कलाकारों ने अपने बेजोड़ अभिनय से प्रसंगों में जान फूंक दी।

ग्रामीण सफाई कर्मियों ने सौंपा मांगों का ज्ञापन

कुरुक्षेत्र। ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की कमेटी, थानेसर की ओर से बुधवार को खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी (बीडीपीओ) कार्यालय में विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। कर्मचारियों ने प्रशासन से उनकी समस्याओं का जल्द समाधान करने और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाने की मांग की। ज्ञापन में कर्मचारियों ने कहा कि पूर्व मंत्री सुभाष सुधा के जन्मदिन पर 63 पंचायतों को रेहड़ी उपलब्ध करवाने का वादा किया गया था, लेकिन अभी तक केवल 25 पंचायतों को ही रेहड़ियां मिली हैं। उन्होंने शेष पंचायतों के सफाई कर्मचारियों को भी जल्द रेहड़ियां उपलब्ध करवाने की मांग उठाई।

मां कुष्मांडा स्वरूप में हुआ पूजन, नवदुर्गा शक्ति हवन में डाली आहुतियां

भद्रकाली शक्तिपीठ में 505 ज्योत महाआरती, भजनों पर झूमे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

शारदीय नवरात्र के चतुर्थ दिन श्री देवीकूप भद्रकाली शक्तिपीठ में मां भद्रकाली का मां कुष्मांडा स्वरूप में विधिवत पूजन किया गया। मंदिर में दिनभर श्रद्धालुओं की आवाजाही लगी रही। शाम को श्री देवीकूप पर 505 ज्योत महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने भाग लेकर मां का आशीर्वाद प्राप्त किया। प्रसिद्ध भजन गायक लखबीर सिंह लक्खा एवं पार्टी ने मां की भेंटें प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह छह बजे मंगल आरती से हुई। मंदिर की मुख्य पुजारिन शिमला देवी ने आरती संपन्न करवाई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि देवी दयाल शर्मा उपस्थित रहे। मां भद्रकाली को स्नान करवाने के बाद हरी इलायची, सौंफ, लाल पुष्प और लाल चूड़ियां अर्पित की गईं। इसके बाद मां को मालपुओं का भोग लगाया गया। पीठाध्यक्ष पं. सतपाल शर्मा ने बताया कि नवरात्र के चौथे दिन मां दुर्गा के चतुर्थ स्वरूप मां कुष्मांडा की पूजा की जाती है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, मां ने अपनी मंद मुस्कान से ब्रह्मांड की रचना की थी। इसलिए उन्हें सृष्टि की



कुरुक्षेत्र। आरती में शामिल श्रद्धालु।

भजन संध्या के बाद हुआ शक्ति हवन

भजन संध्या में प्रसिद्ध भजन गायक लखबीर सिंह लक्खा एवं पार्टी, कुरुक्षेत्र ने मां की भेंटें प्रस्तुत कीं। इसके बाद महाआरती में मुख्य अतिथि के रूप में सन्नी मारवाह उपस्थित रहे। शाम सात बजे श्री नवदुर्गा शक्ति हवन का आयोजन किया गया। इसमें लायंस क्लब के प्रधान संदीप कुमार ने प्रमुख रूप से आहुतियां अर्पित कीं। पीठाध्यक्ष पं. सतपाल शर्मा ने बताया कि नवरात्र व्रत भंडारे का आयोजन सुबह 10 बजे प्रेमा देवी, जोगिंदर सिंह, ऋतु और सुरेंद्र सिंह तथा दोपहर 12 बजे उपेंद्र कुमार की ओर से करवाया गया। इस अवसर पर मंदिर के उपाध्यक्ष डॉ. एम.के. मौदगिल, सेवा प्रमुख देवेंद्र गर्ग, संयोजक सुनील वर्मा, आशीष दीक्षित, अनिल अन्नू, रामपाल लाठर, हाकम चौधरी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति और श्रद्धालु उपस्थित रहे।

आदिशक्ति के रूप में पूजा जाता है। शाम छह बजे श्री देवीकूप पर 505 ज्योत महाआरती का आयोजन किया गया। इस दौरान नवदुर्गा के स्वरूप में सजे बच्चों, भारत माता और त्रिदेवी स्वरूप में सजी बालिकाओं का पूजन किया गया। पीठाध्यक्ष ने श्री देवीकूप पर और मुख्य पुजारिन ने मंदिर के गर्भगृह में आरती की। आरती में चंवर, मोर पंख, झंडा, शंख, इत्र, पुष्प, पंचामृत और घंटियों का उपयोग किया गया। महाआरती से पहले पीठाध्यक्ष ने आरती के धार्मिक महत्व के बारे में बताया। मंदिर परिसर में श्रद्धालु 'ॐ ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे' मंत्र का जाप करते हुए मां भद्रकाली की परिक्रमा करते नजर आए।

19 को अष्टमी-नवमी का महासंयोग 20 को मनेगा दशहरा : कौशिक

कुरुक्षेत्र। शारदीय नवरात्र इस बार तिथियों के विशेष संयोग के कारण चर्चा में हैं। ज्योतिषाचार्य रामराज कौशिक के अनुसार, वर्ष 2026 में शारदीय नवरात्र का प्रारंभ 11 अक्टूबर को घटस्थापना के साथ होगा। सप्तमी तिथि की वृद्धि के कारण नवरात्र का पर्व 10 दिनों तक चलेगा। वहीं, 19 अक्टूबर को अष्टमी और नवमी तिथि का संयोग तथा 20 अक्टूबर को विजयादशमी मनाई जाएगी। ज्योतिषाचार्य रामराज कौशिक ने बताया कि नवरात्र में अष्टमी और नवमी का विशेष धार्मिक महत्व है। अष्टमी पर मां महागौरी और नवमी पर मां सिद्धिदात्री की पूजा की जाती है। इस बार दोनों तिथियों के संयोग के कारण 19 अक्टूबर को ही दोनों देवियों की पूजा, हवन और कन्या पूजन किए जाने का विशेष महत्व रहेगा। पंचांग की गणना के अनुसार, 19 अक्टूबर को अष्टमी और नवमी तिथि का संयोग बन रहा है। इस दिन मां दुर्गा के आठवें स्वरूप महागौरी तथा नौवें स्वरूप सिद्धिदात्री की पूजा का विधान है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, मां महागौरी की आराधना से मन की शुद्धता और मां सिद्धिदात्री की पूजा से सिद्धियों की प्राप्ति होती है। कौशिक ने बताया कि मां महागौरी को श्वेत वस्त्र धारण करने वाली और भक्तों के कष्ट दूर करने वाली देवी माना जाता है। वहीं, मां सिद्धिदात्री आठ प्रकार की सिद्धियां प्रदान करने वाली हैं। नवरात्र की साधना में हवन और पूजन के माध्यम से भक्त मां दुर्गा की आराधना करते हैं।

■ शारदीय नवरात्र इस बार 10 दिन के



19 अक्टूबर को कन्या पूजन का महत्व

नवरात्र में कन्या पूजन की विशेष परंपरा है। इस वर्ष 19 अक्टूबर को अष्टमी-नवमी के संयोग के चलते कन्या पूजन का विशेष महत्व रहेगा। परंपरा के अनुसार, छोटी कन्याओं को देवी का स्वरूप मानकर उनका पूजन किया जाता है और उन्हें भोजन कराया जाता है। श्रद्धालु इस दिन मां महागौरी और मां सिद्धिदात्री की पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करेंगे।

मेला ग्राउंड में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा दशहरा

पद्मश्री महावीर गुड्डू देंगे सांस्कृतिक प्रस्तुतियां



कुरुक्षेत्र। पत्रकारों से बातचीत करते धर्मक्षेत्र दशहरा कमेटी के संरक्षक एवं विधायक अशोक अरोड़ा।

कुरुक्षेत्र। धर्मक्षेत्र दशहरा कमेटी द्वारा 20 अक्टूबर को दशहरा उत्सव ब्रह्मसरोवर के पूर्वी तट पर मेला ग्राउंड में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम में प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता तथा पूर्व सांसद राज बब्बर मुख्यातिथि के रूप में शामिल होंगे, जबकि पद्मश्री महावीर गुड्डू सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे। यह जानकारी थानेसर के विधायक एवं धर्मक्षेत्र दशहरा कमेटी के संरक्षक अशोक अरोड़ा ने पंजाबी धर्मशाला में आयोजित पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए दी। इस अवसर पर वैश्य अग्रवाल पंचायत के प्रधान विशाल सिंगला, श्रीब्राह्मण एवं तीर्थोद्धार सभा के पूर्व प्रधान तथा इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट के पूर्व चेयरमैन जलेश शर्मा, अग्रसेन पब्लिक स्कूल के प्रधान नितिन गोयल बंटू, सारस्वत ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कुलदीप शर्मा गोल्डी, रविदास मंदिर सभा के पूर्व प्रधान सूरजभान कटारिया, नगर पार्षद मनु जैन, परमवीर सिंह प्रिंस, राजेंद्र सैनी, पार्षद प्रतिनिधि शिवम बंसल, विवेक मेहता विक्की, दीनानाथ अरोड़ा, फतेह चंद गांधी, पूर्व पार्षद ओम प्रकाश ओपी, कुलदीप हथीरा, सुनील कक्कड़, विवेक भारद्वाज डब्बू, श्याम सुंदर तिवारी, गुलशन गाबा, सौरभ गर्ग, राधे श्याम गर्ग, महेश शर्मा गामड़ी, विशाल मौदगिल सहित अनेक संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। विधायक अशोक अरोड़ा ने बताया कि दशहरा उत्सव की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि श्रीराम की शोभायात्रा 20 अक्टूबर को दोपहर करीब 1 बजे गुरु रविदास चौक नजदीक जनता स्कूल से रवाना होगी।

आमजन को साइबर फ्रॉड से बचाव एवं दहेज प्रथा की रोकथाम के प्रति किया जागरूक

कुरुक्षेत्र। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुरुक्षेत्र द्वारा जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कुरुक्षेत्र दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन तथा माननीय सीजेएम एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुरुक्षेत्र नीतिका भारद्वाज के निर्देशानुसार मल्टी यूटिलिटी वाहन के माध्यम से फाइन ब्रिक विलेज मथाना, मारुति सुजुकी सर्विस सेंटर, सेक्टर-3, कुरुक्षेत्र तथा कीर्ति भट्ठा, मथाना में आमजन को कानूनी अधिकारों एवं विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया। पैनल अधिवक्ता विशाल मित्तल ने आमजन को नालसा की गरीबी उन्मूलन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन संबंधी योजना, 2015; तेजाब हमले के पीड़ितों को कानूनी सेवाएं प्रदान करने संबंधी योजना आदि की जानकारी दी।

50 विद्यार्थियों ने निभाई युवा सांसदों की भूमिका

■ राजकीय विद्यालय झांसा में जिला स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय झांसा में जिला स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने संसद की कार्यप्रणाली का जीवंत प्रदर्शन करते हुए देश के ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा और बहस की। करीब 50 छात्र-छात्राओं ने युवा सांसदों की भूमिका निभाकर संसदीय प्रक्रिया, लोकतांत्रिक मूल्यों और राष्ट्र निर्माण में अपनी जिम्मेदारी को



समझा। कार्यक्रम की शुरूआत युवा सांसदों के शपथ ग्रहण के साथ हुई। सदन में कुमारी रजनी ने लोकसभा अध्यक्ष की भूमिका निभाई, जबकि कुमारी प्रिया ने नेता प्रतिपक्ष के रूप में विभिन्न मुद्दों पर सरकार से सवाल किए। विद्यार्थियों ने संसदीय कार्यवाही के माध्यम से सदन की कार्यप्रणाली, सवाल-जवाब और जनहित से जुड़े विषयों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को संसदीय मयार्दाओं, लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं और जनप्रतिनिधियों की भूमिका को समझने का अवसर मिला। इस दौरान प्रतिभागियों ने एक भारत, श्रेष्ठ भारत और सिरमौर भारत का संकल्प दोहराया।

श्रीकृष्ण आयुष विवि में 23 सहायक प्रोफेसरों ने दुर्लभ औषधीय पौधे रोपे

कुरुक्षेत्र। श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने कहा कि आयुर्वेद केवल चिकित्सा पद्धति नहीं, बल्कि प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाकर स्वस्थ जीवन जीने की भारतीय परंपरा है। औषधीय पौधे इस परंपरा की अमूल्य धरोहर हैं, जिनका संरक्षण और संवर्धन करना हम सभी की जिम्मेदारी है। कुलपति विश्वविद्यालय परिसर में औषधीय पौधों के रोपण के अवसर पर संबोधित कर रहे थे। कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान के मार्गदर्शन में आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान के नवनियुक्त 23 सहायक प्रोफेसरों ने विश्वविद्यालय परिसर में करौंदा, महुआ, श्योनाक, दंती, हरसिंगार, कर्पूर, निर्गुंडी, बृहती, विषतेंदु और शिरीष सहित विभिन्न दुर्लभ औषधीय पौधे रोपित किए और उनके संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान के प्राचार्य प्रो. आशीष मेहता समेत अन्य उपस्थित रहे।



जिम्नास्टिक में डीएवी सेक्टर-3 छाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

अंबाला में 9 से 11 अक्टूबर तक आयोजित 59वीं स्कूल स्टेट गर्ल्स जिम्नास्टिक्स चैंपियनशिप में डीएवी पब्लिक स्कूल, सेक्टर-3 के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई पदक जीते। अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 आयु वर्गों में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर स्कूल का नाम रोशन किया। स्कूल की प्राचार्या श्रीमती गीतिका जसूजा ने बताया कि रिदमिक जिम्नास्टिक्स के अंडर-14 आयु वर्ग में रिद्धि और दिव्याना ने टीम इवेंट में दूसरा स्थान हासिल



कर सिल्वर मेडल जीता। दिव्याना ने क्लब्स इवेंट में ब्रॉन्ज मेडल भी अपने नाम किया। अंडर-17 आयु वर्ग में अविका, ओलिविया और सीरत की टीम ने तीसरा स्थान हासिल कर ब्रॉन्ज मेडल जीता। वहीं, अंडर-19 आयु वर्ग में ईशा, नव्या और आशाना ने टीम इवेंट में दूसरा स्थान हासिल करते हुए सिल्वर मेडल पर कब्जा जमाया। प्रतियोगिता में स्कूल की स्टार जिमनास्ट ईशा ने विशेष उपलब्धि हासिल की। उसने अंडर-19 आयु वर्ग में ओवरऑल चैंपियन का खिताब जीतने के साथ पांच गोल्ड मेडल अपने नाम किए।

मंदिर में पिंडी रूप में विराजित हैं माता बाला सुंदरी माता का स्वरूप

पिहोवा। प्राचीन माता बाला सुंदरी मंदिर में नवरात्रे बड़ी धूमधाम व श्रद्धा के साथ मनाए जा रहे है। मां के दरबार मे आने वाले श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो इसके लिए मंदिर कार्यकारिणी कमेटी की ओर से विशेष व्यवस्था की गई है। मंदिर कमेटी के प्रमुख सेवादार श्रवण मंगला ने बताया कि नवरात्र में की जाने



वाली पूजा पाठ, हवन यज्ञ, व्रत आदि पर्यावरण की शुद्धि के साथ साथ मनुष्य के विचार, बुद्धि व भाव भी शुद्ध करने में सक्षम है। नवरात्र के चलते मंदिर को बड़े ही सुंदर ढंग व रंग बिरंगी लाइटों आदि से सजाया गया है। मंदिर के भीतरी भाग में बनाई गई माता की चांदी की पालकी श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। उन्होंने बताया कि नवरात्रों मे प्रतिदिन सुबह दुर्गा सप्तसती का पाठ, कन्या पूजन व सायंकाल मां की भव्य महाआरती की जाएगी। नगर पालिका प्रधान व मंदिर के संरक्षक आशीष चक्रपाणि ने बताया कि पिहोवा में सरस्वती नदी के के पश्चिम तट पर माता बाला सुंदरी जी का प्राचीन भव्य मंदिर स्थित है। माता बाला सुंदरी मां का बाल रूप है, जोकि आदि शक्ति के रूप मे यहां पूजित है। वामन पुराण के अनुसार आशीष चक्रपाणि ने बताया कि पिहोवा में सरस्वती वाराणसी से भगवान शंकर के साथ माता बाला सुंदरी पिहोवा आई और यही पर निवास करने लगी।

कार्यक्रम मातृ भारती के आयोजन में छात्राओं और माताओं ने लिया भाग

विलुप्त होती लोककला को सहेजने का दिया संदेश

गीता निकेतन विद्या मंदिर में डांडिया की धूम सांझी पूजन से जीवंत हुई लोक संस्कृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

गीता निकेतन विद्या मंदिर, सेक्टर-3 में बुधवार को मातृ भारती के तत्वावधान में डांडिया नृत्य और सांझी माता पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। छात्राओं और माताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर भारतीय लोक परंपराओं की झलक प्रस्तुत की। कार्यक्रम में गुजरात के पारंपरिक डांडिया नृत्य के साथ हरियाणा और ब्रज क्षेत्र की लोककला सांझी को भी प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। विद्यालय की आचार्या एवं कार्यक्रम



कुरुक्षेत्र। सांझी बनाती महिलाएं।

संयोजिका कविता दत्त के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने रंग-बिरंगी पारंपरिक वेशभूषा में डांडिया नृत्य प्रस्तुत किया। लोकगीतों की धुन पर छात्राओं ने तालमेल और सामूहिकता का प्रदर्शन किया। प्रस्तुतियों से विद्यालय परिसर उत्सवी रंगों से सराबोर हो गया। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में सांझी माता पूजन किया गया। आचार्या कविता दत्त ने छात्राओं को सांझी की सांस्कृतिक एवं धार्मिक महत्ता के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हरियाणा और ब्रज क्षेत्र में नवरात्र के दौरान सांझी बनाने और पूजन करने की परंपरा रही है। इसमें गोबर, मिट्टी और प्राकृतिक रंगों से दीवारों पर विभिन्न आकृतियां बनाई जाती हैं तथा लोकगीतों के साथ पूजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि आधुनिक जीवनशैली के कारण कई पारंपरिक लोककलाएं धीरे-धीरे लोगों की दिनचर्या से दूर होती जा रही हैं।

संस्कारों के संरक्षण में माताओं की भूमिका अहम

कार्यक्रम संयोजिका कविता दत्त ने कहा कि मातृ भारती का उद्देश्य माताओं को विद्यालय की गतिविधियों से जोड़कर बच्चों में भारतीय जीवन मूल्यों और संस्कारों का विकास करना है। डांडिया जैसी गतिविधियां बच्चों में लयबद्धता और सामूहिकता बढ़ाती हैं, जबकि सांझी जैसी लोककलाएं उन्हें प्रकृति और पारंपरिक ज्ञान से जोड़ती हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य सोमनाथ चौधरी ने कहा कि विद्यालयों का दायित्व विद्यार्थियों को शिक्षा देने के साथ अपनी सांस्कृतिक विरासत के प्रति सम्मान और गौरव की भावना विकसित करना भी है। ऐसे आयोजन बच्चों को परंपराओं को समझने और उन्हें व्यवहार में अपनाने का अवसर देते हैं। कार्यक्रम के समापन पर माताओं ने विद्यालय के इस प्रयास की सराहना की। आयोजन के माध्यम से लोककलाओं के संरक्षण और परिवार व विद्यालय के सहयोग से संस्कारों को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने का संदेश दिया गया।

खबर संक्षेप



जिला स्तर पर प्राथमिक शिक्षक करेंगे प्रदर्शन

अंबाला। राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ की जिला ला कार्यकारिणी की बैठक जिला प्रधान मदनलाल की अध्यक्षता में अंबाला छावनी की इंदिरा पार्क में हुई इसमें यूनियन ने निर्णय लिया कि टीईटी अनिवार्यता हटाने, पुरानी पेंशन स्कीम लागू करने व गैर शैक्षणिक कार्यों से अध्यापकों को मुक्त कराने हेतू जिला स्तर पर बड़ा विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया। जिला महासचिव प्रकाश गिल ने बताया कि ज्यादा से ज्यादा शिक्षकों को लामबंद करने के लिए यूनियन हर शिक्षक तक पहुंचेगी ।बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने संगठन के निर्णय पर सहमति जताई और विरोध प्रदर्शन में बढ़चढ़ कर भाग लेने का भरोसा दिलाया।

मकान से चोरी के मामले में 4 आरोपी गिरफ्तार

अंबाला। सीआईए टू को एक बड़ी सफलता हासिल हुई है। जांच टीम ने थाना पड़ाव क्षेत्र के लाल कुर्ती बाजार स्थित एक मकान से लगभग 18 लाख 63 हजार रुपये की भारी नकदी चोरी करने के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता एवं रेल नीर के मैनेजर सुरेंद्र कौशल ने 3 अक्तूबर 2026 को शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार चोरों ने लाल कुर्ती बाजार स्थित मकान से 'रेल नीर' की बिक्री से एकत्र की गई लगभग 18,63,000/- रुपये की नकदी चोरी कर ली थी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था।

बाइक चोरी में आरोपी किया गिरफ्तार

अंबाला। गांव दादूपुर से बाइक चोरी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जांच अधिकारी सहायक उप निरीक्षक अंग्रेज सिंह ने बताया कि शिकायतकर्ता बलजिंद्र कुमार ने 11 अक्तूबर 2026 को शिकायत दी थी कि 10 अक्तूबर 2026 को आरोपी अमन व अन्य ने गांव दादूपुर से उसकी बाइक चोरी की है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी थी। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपियों को काबू किया है।

लूट मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

अंबाला। थाना बलदेव नगर पुलिस ने महिला का पर्स लूटने के मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियो को गिरफ्तार किया है। जांच अधिकारी सहायक उप निरीक्षक जसबीर सिंह ने बताया कि पीड़ति महिला ने 5 सितंबर 2026 को थाना बलदेव नगर में शिकायत दी थी कि 5 सितंबर 2026 को आरोपी प्रेम नगर अंबाला शहर के पास से उसका पर्स लूट कर भाग गए है जिसमें नकद राशि व मोबाइल था। शिकायत के आधार पर पुलिस ने थाना बलदेव नगर में मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी थी।

विज ने जाटव धर्मशाला में लगे चिकित्सा शिविर में हिस्सेदारी कर मरीजों को मिल रही सुविधाओं का किया अवलोकन।

पीएम मोदी लगातार 25 सालों से कर रहे हैं जनसेवा

हरिभूमि न्यूज.अंबाला

सेवा संकल्प अभियान के तहत भाजपा द्वारा बुधवार को अंबाला छावनी के 12 क्रास रोड़ स्थित जाटव धर्मशाला में निशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ऊर्जा एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इससे पहले उनका यहां पहुंचने पर भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं द्वारा फूल-मालाएं पहनाकर तथा पीएमओ डॉ. पूजा पेंटल ने पुष्प गुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया। कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने इस मौके पर यहां पर लगाए गए चिकित्सा संबधी स्टालों का अवलोकन करते हुए उपस्थित चिकित्सकों से यहां पर लोगों को जो चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है उसकी भी जानकारी हासिल की। इस मौके पर भाजपा पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न भेंट कर उनका अभिनंदन भी किया। विज ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में पूरे माह जनसेवा कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। मेडिकल कैंप का आयोजन करना, रक्तदान शिविर लगाना व अन्य शामिल हैं। उन्होने यह भी बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से हर आगंनवाड़ी, हर स्कूल तक कार्यकर्ता पहुंचे हैं और लोगों को इन कार्यक्रमों के माध्यम से अवगत करवाकर उन्हें सरकार द्वारा जो सुविधाएं दी जा रही है उसका भी लाभ उपलब्ध करवाने में कार्य कर रहे हैं। मंत्री ने इस मौके पर यह भी कहा कि अंबाला छावनी के तहत चार मंडल हैं जिसमें तीन मंडलों में मेडिकल शिविरों का आयोजन किया जा चुका है। 17 अक्तूबर को रंगिया मंडी में मेडिकल शिविर का आयोजन किया जाएगा। मकसद यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 25 साल लगातार गुजरात के मुख्यमंत्री से लेकर अब प्रधानमंत्री बनने तक राष्ट्र सेवा के रूप में वह देश के लिए कार्य कर रहे हैं। आगे भी लक्ष्य बहुत बड़ा है। वर्ष 2047 तक देश को विकसित भारत बनाना है। वह चाहते हैं कि हम सब यानि हर आदमी सेवा के कामों मे लगे।



अंबाला। स्टालों का अवलोकन करते मंत्री अनिल विज।

शिविर में हुआ 450 रक्त यूनिट एकत्रित

शिविरों में लोग भारी संख्या में पहुंचकर इसका लाभ भी उठा रहे हैं। चारों मंडलों के तहत लगे रक्तदान शिविर में लगभग 450 रक्त यूनिट एकत्रित करने का काम किया गया है। बड़ी संख्या में लोग यहां पर आ रहे हैं उन्हें दवाइयां भी दी जा रही हैं। यहां पर एक्स-रे, ईसीजी, ब्लड टेस्ट के साथ-साथ आयुष्मान यूनिट भी यहां पर कार्यरत है जोकि लोगों के आयुष्मान के साथ-साथ चिरायु कार्ड बनाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इन चिकित्सा शिविरों में यदि कोई क्रिटिकल केस आता है तो उसकी जांच करने के उपरांत उसे रेफर भी किया जा रहा है। मकसद लोग निरोग रहें। इस दौरान पत्रकारों द्वारा राहुल गांधी से संबंधित प्रश्न का उत्तर देते हुए उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को अपनी जन्म कुंडली जाननी चाहिए। यह ऐसे महापुरूष हैं जब से कांग्रेस पार्टी के साथ लगे हैं 99 चुनाव हार चुके हैं। आगे भी इसके लिए एक से एक प्रदेश कांग्रेस है जिसको यह लीड करेंगे वह हारेगा। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष रवि बुद्धिराजा, मंडल अध्यक्ष हर्ष बिंद्रा, मंडल अध्यक्ष परवेश शर्मा, उपाध्यक्ष ललता प्रसाद, संजीव सोनी, आशीष, सुभाष शर्मा, शिवा काकरान, महेश अग्रवाल, शशि लोंगिया, प्रधान मोनिका विग, विजय सहगल, राजीव डिंपल, विजेंद्र चौहान, रेणु चौहान, बलकेश वत्स, अनिल बहल, अनूप चोपड़ा, विजय धीमान, अनिल धीर, आशीष सभ्रवाल, फकीरचंद सैनी, पारस मणी, मनोज बैनीवाल, करण के साथ गणमान्य लोग मौजूद रहे।

बदले मौसम से किसानों की धड़कनें बढ़ीं

पहले हुई बरसात से धान में नमी 35 प्वाइंट पार, खरीद न होने से संकट बढ़ा

अगले दो दिन तक बरसात व ओलावृष्टि होने का अलर्ट, अनाजमंडियों में उठान की प्रक्रिया सुस्त होने से खुले आसमान के नीचे पड़ा किसानों का धान, नमी कम करने के लिए सड़कों पर सूखानी पड़ रही है फसल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

बदलते मौसम ने किसानों की धड़कन बढ़ा दी है। इससे पहले रविवार को हुई बरसात की वजह से किसान पहले ही परेशान हैं। बरसात की वजह से खेतों और मंडियों में खुले आसमान के नीचे पड़ा धान भीगने से अब किसानों को इसे सूखाने में खूब कसरत करनी पड़ रही है।बरसाती पानी से धान गीला होने से इनमें नमी की मात्रा 35 प्वाइंट तक पहुंच गई है। ज्यादातर मंडियों में किसानों को अंदर और बाहर सड़कों पर धान सूखाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। हालांकि मौसम की बाधाओं के बावजूद, जिले की अनाज मंडियों में धान की आवक लगातार जारी है। मंडियों में कुल धान की आवक 2.60 लाख मीट्रिक टन तक पार चुकी है। इसमें से अभी तक कुल 1.90 लाख मीट्रिक टन धान की सरकारी व निजी खरीद की जा चुकी है। हालांकि अधिक नमी और खरीद के बाद मंडियों से समय पर उठान न होने के कारण समस्याएं बनी हुई हैं। मंडियों से अब तक एक लाख मीट्रिक टन धान का उठान होने की बात कही जा रही है। किसानों का कहना है कि यदि धान की जल्द खरीद न हुई तो उसकी गुणवत्ता खराब हो सकती है।



नमी से खरीद प्रक्रिया हुई प्रभावित

ज्यादातर किसानों ने बताया कि रविवार को हुई बरसात की वजह से मंडियों व खेतों में खड़ी धान की फसल भीग गई थी। इसी वजह से फसल में नमी की मात्रा बढ़ गई। हालांकि किसानों ने तिरपाल से अपनी फसल बचाने का प्रयास किया। इसके बावजूद धान में नमी की मात्रा काफी बढ़ गई है। किसानों ने कहा कि यह नमी खरीद प्रक्रिया में बाधा डाल रही है। किसानों को अपनी मेहनत की फसल खराब होने का डर सता रहा है।

नमी की दिक्कत हो दूर

किसानों ने ने कहा कि जिले की मंडियों में अभी तक धान के उठान की प्रक्रिया बेहद धीमी है। अभी तक उतना धान नहीं उठ पाया जितना उठना चाहिए। किसान धर्मपाल ने कहा कि नमी के नाम पर हो रही परेशानी का जल्द समाधान किया जाए, ताकि उन्हें अपना धान बेचने में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि नमी की वजह से धान की बिक्री नहीं हो पा रही है। किसान रोहताश ने बताया कि वह शुक्रवार को अपना धान मंडी में लेकर आए थे। इसके बाद शनिवार को धान सुखाया था लेकिन रविवार को हुई बारिश में उनका धान भीग गया और जो धान बचा है उसमें नमी ज्यादा है, अब दोबारा से वह धान को सुखाने को मजबूर हैं। बरसात में कई किसानों का धान भीगने से नमी ज्यादा आ गई थी। इसके अलावा किसानों ने अगले दिन धूप में धान सुखाना पड़ा है।

मौसम विभाग के अलर्ट से बढ़ी मुसीबत

मौसम विभाग के नए अलर्ट से किसानों को फिर परेशानी हो गई है। विभाग के अनुसार मौसम बार फिर करवट लेने वाला है 15 अक्तूबर को प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश, गरज-चमक और 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना जताई है। पंचकूला, अंबाला, यमुनानगर और कुरुक्षेत्र में ओलावृष्टि का अलर्ट जारी किया गया है। अन्य जिलों में भी बारिश के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार 16 अक्तूबर तक असर रह सकता है, जबकि 17 अक्तूबर से मौसम सुधरने की संभावना है। मौसम विभाग के अधिकारियों की मानें तो अंबाला, यमुनानगर, पंचकूला और कुरुक्षेत्र में 14 और 15 अक्तूबर को मौसम ऐसा ही बना रहेगा। इस दौरान कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। गरज-चमक के साथ ओले गिरने और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की आशंका है। मौसम के इस बदलाव से खुले में रखी फसल और कृषि उपज को नुकसान पहुंच सकता है। किसानों को मौसम विभाग ने चेतावनी देते हुए सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।मौसम में संभावित बदलाव को देखते हुए किसानों को खेतों और मंडियों में रखी फसल की सुरक्षा पर ध्यान देने की जरूरत है। कृषि अधिकारियों ने भी किसानों को कटाई के बाद खेतों में रखी उपज को सुरक्षित स्थान पर रखने की बात कही है। साथ ही तेज हवाओं और ओलावृष्टि से खड़ी फसलों को भी नुकसान होने की बात कही जा रही है।



सुबह-शाम बच्चे पहने गर्म कपड़े, ताजा खाना ही खाएं

गुलाबी ठंड में लापरवाही सेहत पर पड़ सकती है भारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

गर्मी और बारिश के बाद जब हल्की गुलाबी ठंड दस्तक देती है। सेहत को लेकर लापरवाही भारी पड़ सकती है। दिन में धूप और रात में ठंडक की वजह से तापमान तेजी से बदलता है। हवा में नमी घटने के कारण वायरस और बैक्टीरिया ज्यादा तेजी से फैलते हैं जिससे मौसमी बीमारियां घेर लेती है। इस पर डॉक्टर दुष्यंत कुमार ने जानकारी सांझा की है।

बुखार व सर्दी-जुकाम का रहता है डर

बदलते मौसम में शरीर की लड़ने की ताकत थोड़ी कमजोर पड़ जाती है। इसी वजह से फ्लू वायरस का हमला आसान हो जाता है। तेज बुखार, बदन टूटना, सिरदर्द, गले में खराश और सुस्ती इसके आम लक्षण है। बच्चों और घर के बुजुर्गों को जुकाम, छींकें और खांसी की शिकायत ज्यादा होने लगती है।इस समय हवा में धूल-मिट्टी और परागकण बढ़ जाते है। जिन लोगों को दमा या सांस की पुरानी बीमारी है उन्हें सांस फूलने, घबराहट और छाती में भारीपन की शिकायत हो सकती है। ऐसे लोगों को खास ख्याल रखना चाहिए।

रूखी त्वचा व जोड़ों का दर्द

हवा शुष्क होने से त्वचा फटने और बेजान होने लगती है। साथ ही खुजली या चमड़ी के पुराने रोग उभर सकते है। पारा गिरने पर गठिया और जोड़ों के पुराने दर्द से परेशान लोगों की तकलीफ भी बढ़ जाती है। सुबह और शाम हल्की ठंड से बचने के लिए हल्के गर्म कपड़े पहनें। खाना हमेशा ताजा, हल्का और आसानी से पचने वाला ही खाएं। ठंडा पानी छोड़ें और गुनगुना पानी पीने की आदत डालें। शरीर की ताकत के लिए आंवला, नींबू-संतरा, मौसमी सब्जियां और तुलसी-हल्दी का सेवन करे। बाहर से घर लौटते ही साबुन से हाथ धोएं और भीड़-भाड़ वाली जगहों पर मास्क पहनें। किसी भी बीमारी में बिना सोचे समझे मेडिकल स्टोर से दवा या एंटीबायोटिक लेकर न खाएं। अगर बुखार तीन दिन से न उतरे, सांस लेने में भारी तकलीफ हो, सीने में दर्द उठे, बहुत ज्यादा कमजोरी लगे या बलगम में खून दिखे, तो तुरंत डॉक्टर को दिखाएं। स्कूल अध्यापक रामफल शास्त्री ने बताया कि मौसम में बदलाव के साथ ही तापमान में उतार चढ़ाव बढ़ रहा है जिससे बच्चों में सर्दी, जुकाम और मौसमी बीमारियों का खतरा बना रहता है। इसलिए सभी विद्यार्थी सुबह शाम हल्के गर्म कपड़े जरूर पहनें।

विद्यार्थियों को एचआईवी संक्रमण के कारणों और बचाव की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

महाराणा प्रताप नेशनल महाविद्यालय में रेड रिबन सेल एवं यूथ रेड क्रॉस के संयुक्त तत्वावधान में एड्स से बचाव और उत्तम स्वास्थ्य विषय पर जागरूकता व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को एचआईवी संक्रमण के कारणों, बचाव के उपायों और बीमारी से जुड़े सामाजिक भ्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के किशोर स्वास्थ्य परामर्शदाता विजय कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि एड्स के प्रति जागरूकता और सही जानकारी ही इसके बचाव का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने सुरक्षित व्यवहार अपनाने, स्वास्थ्य संबंधी सावधानियां बरतने और नियमित व्यायाम को जीवनशैली का हिस्सा बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ जीवनशैली न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाती है, बल्कि सकारात्मक सोच विकसित करने में भी सहायक होती है। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. राजश्री खरे ने कहा कि युवाओं को एड्स के बारे में वैज्ञानिक तथ्यों की जानकारी होना बेहद जरूरी है। समाज में इस बीमारी को लेकर फैली भ्रांतियों को दूर करना और संक्रमित व्यक्तियों के प्रति संवेदनशील एवं सम्मानजनक व्यवहार अपनाना समय की आवश्यकता है।



बराड़ा। कार्यक्रम में भाग लेते हुए प्रतिभागी।

रामलीला मंच पर पंचवटी प्रसंग का मंचन

- लक्ष्मण और सूर्पणखा के बीच तीखी बहस ने प्रसंग ने बांधा समा, रामलीला देखने उमड़े दर्शक

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलाना

श्रीरामा ड्रामेटिक क्लब की ओर से आयोजित रामलीला मंचन के दौरान पंचवटी प्रसंग का शानदार मंचन किया गया। कलाकारों ने अपने अभिनय के माध्यम से भगवान श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण के वनवास के दौरान घटित प्रसंग को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। मंच पर सूर्पणखा और लक्ष्मण के बीच हुई तीखी बहस तथा लक्ष्मण द्वारा सूर्पणखा की नाक काटने के दृश्य ने दर्शकों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। रामलीला के दौरान पंचवटी में भगवान श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण के निवास का दृश्य प्रस्तुत किया गया। इसी दौरान सूर्पणखा की भूमिका निभा रहे कलाकार ने अपने प्रभावशाली अभिनय से दृश्य को आगे बढ़ाया। सूर्पणखा और लक्ष्मण के बीच संवादों के दौरान तीखी नोकझोंक देखने को मिली। दोनों कलाकारों ने अपने संवाद और अभिनय से ऐसा समां बांधा कि दर्शक पूरे समय मंचन से जुड़े रहे। प्रसंग के अनुसार, सूर्पणखा के व्यवहार और उसके साथ हुए संवाद के बाद लक्ष्मण ने उसकी नाक काट दी। इस दृश्य को कलाकारों ने नाटकीय अंदाज में प्रस्तुत किया, जिसे देखकर दर्शकों ने रामलीला के मंचन का आनंद लिया।



मुलाना। रामलीला में मंचन करते कलाकार

बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे

श्री रामा ड्रामेटिक क्लब के प्रधान अनिल सैनी ने बताया कि रामलीला में सभी पात्रों की भूमिका युवाओं द्वारा निभाई जाती है। क्लब का उद्देश्य युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने और उसे मंच पर प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि रामलीला केवल धार्मिक आयोजन ही नहीं बल्कि युवाओं को अभिनय, संवाद अदायगी और मंच संचालन का अनुभव देने का भी एक सशक्त माध्यम है। इसके जरिए युवाओं में आत्मविश्वास बढ़ता है और वे अपनी कला को बेहतर तरीके से प्रस्तुत करना सीखते हैं।

चोरी के मामले में आरोपी काबू

अंबाला। थाना महेशनगर पुलिस ने विकास पुरी नजदीक औद्योगिक क्षेत्र में स्थित घर से नकद राशि चोरी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। जांच अधिकारी मुख्य सिपाही संजीव कुमार ने बताया कि शिकायतकर्ता संदीप ने 12 अक्तूबर 2026 को शिकायत दी थी कि 7 अक्तूबर 2026 को अज्ञात आरोपियों ने उसके घर में बैड की दराज में रखी एक बड़ी रकम चोरी कर ली है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी थी। पुलिस ने तकनीकी संसाधनों व साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी साहिल उर्फ लालू निवासी गांव संभालखा को गिरफ्तार किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के रिटायर्ड मैनेजर के खाते से 9 लाख रुपये साफ

अंबाला। अंबाला शहर की न्यू मॉडल कॉलोनी में रहने वाले और सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया से बतौर मैनेजर सेवानिवृत्त हुए बुजुर्ग साइबर ठगी का शिकार हो गए। ठगों ने जीवन प्रमाणपत्र अपडेट करने का झांसा देकर खाते से 9 लाख निकाल लिए। थाना साइबर क्राइम में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। परिवादी अशोक गुलाटी ने शिकायत में बताया कि वे 11 अक्तूबर की दोपहर 3 बजे उनके मोबाइल पर एक नंबर से कॉल आई। फोन करने वाले ने खुद को सेंट्रल बैंक का प्रतिनिधि बताया और कहा कि उनकी पेंशन जारी रखने के लिए लाइव सर्टिफिकेट अपडेट करना अनिवार्य है। इसके बाद ठग ने उन्हें झांसे में लेकर फेसबुक पर लाइव सर्टिफिकेट अपडेशन नाम का एक एप/लिंक खोलने को कहा। पीड़ित बैंक से रिटायर्ड होने के बावजूद ठगों की बनाई इस फर्जी प्रक्रिया को समझ नहीं पाए। आरोपी के कहे अनुसार उन्होंने एप में अपनी व्यक्तिगत जानकारी, पेंशन खाता नंबर और डेबिट कार्ड के आखिरी चार अंक दर्ज कर दिए। इसके तुरंत बाद उनके फोन पर कई ओटीपी आए। शातिर जालसाज ने उन्हें ओटीपी किसी से शेयर न करने की बात कहकर भरोसा जीता, लेकिन कुछ ही देर में उनके ओवरड्राफ्ट लिमिट से 9 लाख रुपये कटने का मैसेज आ गया। जब पीड़ित ने तुरंत उस नंबर पर वापस कॉल किया, तो आरोपी ने फोन काट दिया और नंबर बंद कर लिया।

- ठग ने जीवन प्रमाण पत्र अपडेट करने के बहाने से बनाया ठगी का शिकार

युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की दी प्रेरणा

नुक्कड़ नाटक से नशे के खिलाफ किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता विभाग द्वारा सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा एवं राष्ट्र निर्माण के संकल्प से प्रेरित होकर प्रदेशभर में नशामुक्ति जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से विद्यार्थियों, युवाओं एवं आमजन को नशे के शारीरिक, मानसिक, पारिवारिक और सामाजिक दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रहने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। कार्यक्रमों के दौरान उपस्थित विद्यार्थियों एवं युवाओं को नशामुक्ति का संकल्प भी दिलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिले के अंबाला-वन, अंबाला-द्वितीय, बराड़ा, नारायणगढ़, साहा एवं शहजादपुर ब्लॉकों में नुक्कड़ नाटकों एवं जन-जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से नशामुक्ति का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है।

अभियान का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराना, समाज में जागरूकता बढ़ाना तथा नशामुक्त एवं स्वस्थ हरियाणा के निर्माण में जनभागीदारी सुनिश्चित करना है। नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से प्रभावशाली संदेश देकर युवाओं को नशे से दूर रहने और अपने परिवार एवं समाज को भी नशामुक्ति के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। कार्यक्रमों के सफल आयोजन में सहयोगी संस्थाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। जिला स्तरीय आयोजन में पारस की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही।



अंबाला। सरकारी स्कूल में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करते छात्र।